# अखिल भारतीय श्री कान्यकुब्ज प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में

# योग दिवस पर महिलाओं की भागीदारी





योग दिवस पर दिनांक 21 जून को इन्दिरा नगर के सेक्टर 18 की रेजीडेंट वेल्फेयर सोसाइटी में बड़ी संख्या में पुरूष और महिलाओं ने 'झंडे वाले पार्क में एकत्रित हो कर योगाभ्यास किया। यह आयोजन 'अखिल भारतीय श्री कन्याकुब्ज प्रतिनिधि सभा' व 'प्रज्ञा हाउज़िंग वेल्फेयर हाउज़िंग सोसाइटी इन्दिरा नगर' के संयुक्त तत्वधान में आयोजित की गई। इसमें श्री एच पी त्रिपाठी, श्री जी के शुक्ला, सिविल डिफेंस के सेक्टर वार्डेन आर पी शर्मा के साथ ही सोसाइटी के अध्यक्ष श्री वी के श्रीवास्तव, सचिव जी डी गुप्ता, अन्य लोगों के साथ सपरिवार योग करने उपस्थित हुये। डा। डी॰ एस॰ शुक्ला ने योग क्रियाओं का संचालन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ गायत्री-मंत्र और ॐ के (उद्गीत प्राणायाम) उच्चारण से प्रारम्भ होकर स्वास्ति पाठ पर समाप्त हुआ।

महत्वपूर्ण बात यह रही कि बड़ी संख्या में भागीदारी देख कर सभी निवासियों ने यह भी तय किया कि आज से सभी लोग अपनी सुविधानुसार अपने घर में योग का अभ्यास करेंगे तथा आने वाले हर शनिवार की प्रातः 5:30 से 6:30 तक इसी 'झंडेवाले-पार्क' में उपस्थित हो कर सामूहिक अभ्यास करेंगे।

इस लोकप्रिय 'योग-शिविर' का प्रेस द्वारा क्वेरेज भी किया गया।